दुख में खुशी में सदा | By Mukesh Bagda

दु:ख में खुशी में सदा एहसास ये होता है
वो मुरली वाला ही सदा मेरे साथ होता है
वो खाटू वाला ही सदा मेरे साथ होता है
दु:ख में खुशी में सदा.........

जब भी भरोसा मेरा डोलता है धीरज बँधाये मुझे,
धीरज बँधाये मुझे ....
जब भी मेरे ये कदम लड़खड़ाते गोद में उठाये मुझे
गोद में उठाये मुझे..........
क्या से क्या करता है मेरे वास्ते
वो मुरली वाला ही सदा मेरे पास होता है
वो खाटू वाला ही सदा मेरे पास होता है
दु:ख में खुशी में सदा.........

दु:ख की हो घडिया या खुशियों की लडिया रहता सदा संग है
रहता सदा संग है.........
जीवन में मेरे अनेको तरह के इसने भरे रंग हैं,
इसने भरे रंग हैं ....
क्या से क्या करता है मेरे वास्ते
वो मुरली वाला ही सदा मेरे साथ होता है
वो खाटू वाला ही सदा मेरे साथ होता है
दु:ख में खुशी में सदा.........

इतनी कृपा है कन्हैया की मुझपे खुशियां कदम चूमती
जी भर के मुझपे ये प्यार लुटाता, दुनिया भी अब पूछती
क्या से क्या करता है मेरे वास्ते
वो मुरली वाला ही सदा मेरे साथ होता है
वो खाटू वाला ही सदा मेरे साथ होता है
दु:ख में खुशी में सदा.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a5%81%e0%a4%b6%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a4%a6%e0%a4%be-by-mukesh-bagda/